सीबीएसई/सीई/2021/
19/03/2022

परिपत्र

विषय: बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के टर्म- I परीक्षाओं में प्रदर्शन के संबंध में

सीबीएसई द्वारा जारी परिपत्र संख्या CBSE/DIR(ACAD)/51/2021 dated July 05, 2021 में सत्र 2021-22 के लिए बोर्ड परीक्षाओं का संचालन दो टर्म यानी टर्म- I और टर्म- II में किए जाने का उल्लेख किया गया था।

टर्म- I की परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गईं। टर्म-I परीक्षाओं में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में अब स्कूलों को सूचित किया जा रहा है। सभी संबंधितों द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारी आवश्यक कार्रवाई के लिए नोट कर ली जाए:-

(1) बोर्ड स्कूलों को बारहवीं कक्षा के उनके छात्रों के केवल थ्योरी में प्रदर्शन के बारे में सामूहिक रूप से सूचित कर रहा है। इसलिए, व्यक्तिगत छात्र प्रदर्शन को वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

(2) छात्रों के प्रदर्शन की जानकारी स्कूलों द्वारा छात्रों के अपलोड किए गए प्रदर्शन पर आधारित है। जिन विषयों में स्कूलों द्वारा आकलन नहीं किया गया था, वहां ओएमआर शीट की स्कैनिंग के आधार पर प्रदर्शन स्कूलों को संप्रेषित किया गया है।

(3) स्पेनिश आदि जैसी टर्म- I परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों के सेट के बीच कठिनाई स्तर में अंतर या किसी विशेष सेट / राज्य / क्षेत्र में कठिनाई, को संबोधित करने/ पर ध्यान देने के प्रयोजन से, आवश्यक कार्रवाई टर्म- II परीक्षाओं के बाद अंतिम परिणाम की तैयारी के समय की जाएगी।

(4) यदि छात्र COVID के कारण या राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय खेल / ओलंपियाड आदि में भाग लेने के कारण अपनी परीक्षा में चूक गए, तो टर्म- I परीक्षाओं का कोई प्रदर्शन संप्रेषित नहीं किया गया है। हालाँकि, उनके प्रदर्शन का आकलन टर्म-II परीक्षाओं में प्रदर्शन के आधार पर परिपत्र संख्या सीबीएसई/समन्वय/खेलकूद/2021-22 दिनांक 09/11/2021 के अनुसार किया जाएगा।

(5) स्कूलों को केवल थ्योरी का प्रदर्शन संप्रेषित किया गया है। प्रायोगिक/परियोजना/आंतरिक आकलन की जानकारी स्कूलों के पास पहले से ही है।

(6) केवल टर्म- I होने के कारण, अभी कोई अंकतालिका सह उत्तीर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। पिछले परिणामों के साथ समानता रखने के लिए टर्म- II परीक्षा के बाद केवल एक अंकतालिका सह उत्तीर्णता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

इसमें टर्म- I और टर्म- II परीक्षाओं के लिए तय किए गए वेटेज के अनुसार दोनों टर्म के केवल कुल अंक शामिल होंगे।

(7) टर्म- I और टर्म- II का वेटेज टर्म- II के परिणाम की घोषणा के समय तय किया जाएगा और तदनुसार, अंतिम प्रदर्शन की गणना/ निर्धारण किया जाएगा।

(8) बारहवीं कक्षा का परिणाम केवल टर्म- II परीक्षाओं के बाद घोषित किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थियों को अनिवार्य पुनरावृत्ति/ कम्पार्टमेंट / उत्तीर्ण श्रेणी आदि में रखा जाएगा।

(9) टर्म- II में परीक्षा केंद्र नए सिरे से आवंटित किए जाएंगे। छात्र केवल उनके स्कूल को आवंटित परीक्षा केंद्रों से ही उपस्थित होंगे। टर्म- II परीक्षा में कोई परीक्षा केंद्र नहीं बदला जाएगा।

(10) कंपार्टमेंट परीक्षा टर्म- II परीक्षाओं के पाठ्यविवरण (syllabus) के आधार पर आयोजित की जाएगी।

(11) पत्राचार विद्यालय/ प्राइवेट अभ्यर्थियों के मामले में, चूंकि विद्यार्थी केवल टर्म- II परीक्षा में उपस्थित होंगे, प्रैक्टिकल और थ्योरी में उनके अंक यथानुपात आधार पर दिए जाएंगे।

(12) उन सभी मामलों में, जहां प्रश्न पत्रों या अंकन योजनाओं में समस्याएं बताई गई हैं, बोर्ड द्वारा उचित ध्यान रखा गया है और छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए ड्रॉप किए गए प्रश्नों के लिए उपयुक्त तरीके से अंक देकर अथवा परिशोधित उत्तर कुंजी जहां भी लागू हो, को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा छात्रों के प्रदर्शन की गणना / पुनर्गणना की गई है।

(13) अनुचित साधनों (के प्रयोग वाले), न्यायाधीन मामलों, 'पात्रता न होने' और 'बाद में परिणाम' वाले मामलों आदि पर नियमों के अनुसार कार्रवाई अंतिम परिणाम के समय की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को वर्तमान में टर्म-II परीक्षाओं में बैठने की अनुमति है।

(14) टर्म-I परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन विवाद निवारण तंत्र तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराया गया है। विवाद वाले मामले को छात्र अपने स्कूल में भेज सकते हैं और स्कूल इन विवाद वाले मामलों को संयुक्त रूप से सीबीएसई को भेज सकते हैं। ऑनलाइन विवाद निवारण तंत्र की सुविधा 31.03.2022 तक उपलब्ध रहेगी। हालांकि, विवादों पर निर्णय टर्म- II के परिणाम की घोषणा के बाद सत्यापन कार्यक्रम के साथ लिया जाएगा।

(15) 62 स्कूलों के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अनंतिम रूप से सूचित किया गया है और संवीक्षा के अधीन है।

हस्ता/-

(डॉ संयम भारद्वाज)

परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब एडमिन को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।